1/4

CLASS – VI [सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन]

अध्याय :– 4

(1) प्रश्न :– आज दक्षिण अफ्रीका में माया का जीवन कैसा होगा ?

उत्तर :– आज दक्षिण अफ्रीका एक लोकतांत्रिक देश है और सभी प्रजातियों के लोगों को बराबर माना जाता है। इसलिए आज माया जीवन सुखमय होगा तथा उसे वे सभी अधिकार मिले होंगे जो श्वेतों को प्राप्त हैं।

(2) प्रश्न :– किन विभिन्न तरीकों से लोग सरकार की प्रक्रियाओं में भाग लेते हैं ?

उत्तर :– लोग सरकार की प्रक्रियाओं में निम्नलिखित तरीकों से भाग लेते हैं —

i. लोग वोट देकर अपने प्रतिनिधि चुनते हैं। ये प्रतिनिधि सरकार बनाते हैं। इस प्रकार वोट देकर लोग सरकार की प्रक्रियाओं में भाग लेते हैं।

ii. लोग सरकार के कार्यों में रुचि लेकर और उसकी आलोचना करके भी अपनी भागीदारी निभाते हैं।

iii. लोग सरकार के प्रति अपनी राय को धरने, जुलूस, हड़ताल आदि तरीकों से व्यक्त करते हैं ताकि सरकार की जो बातें गलत हों और न्यायसंगत नहीं हैं, उन्हें सामने लाया जा सके।

iv. लोग समाचार-पत्र, पत्रिकाओं, टेलीविज़न आदि के माध्यम से भी अपने विचार

Scanned with CamScanner

सरकार के सामने रख सकते हैं और सरकार उनके विचारों के अनुसार अपने कानून बना सकती है।
4. लोग आंदोलन करके सरकार और उसके काम करने के तौर-तरीके को चुनौती दे सकते हैं।

(3) प्रश्न:- विभिन्न विवादों और मुद्दों को सुलझाने के लिए सरकार की जरूरत क्यों होती है?
उत्तर:- विवाद तब उभरता है जब विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों, क्षेत्रों और आर्थिक पृष्ठभूमियों के लोग एक दूसरे के साथ ताल नहीं बिठा पाते हैं। ऐसा तब भी होता है जब कुछ लोगों को लगता है कि उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। लोग अपने विवादों को खत्म करने के लिए हिंसात्मक तरीके भी अपनाते हैं जिससे अन्य लोगों में भय और असुरक्षा की भावना फैलती है। सरकार की यह जिम्मेदारी होती है कि विवादों का समाधान करे।

(4) प्रश्न:- सभी लोगों के साथ समानता का व्यवहार हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार क्या कदम उठाती है?
उत्तर:- लोकतांत्रिक सरकार न्याय और समानता

Scanned with CamScanner

के प्रति वचनबद्ध होती है, न्याय और समानता को एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। न्याय तभी प्राप्त हो सकता है जब सब लोगों के साथ बराबरी का व्यवहार हो। सरकार उन समूहों के लिए विशेष प्रावधान करती है जो समाज में आज भी बराबर नहीं माने जा रहे जैसे अस्पृश्यता यानी छुआछूत की प्रथा पर अब कानून द्वारा रोक लगा दी गई है।

(4) प्रश्न :- पाठ को एक बार और पढ़कर लोकतांत्रिक सरकार के मुख्य तत्वों की एक सूची बनाइए। उदाहरण के लिए सभी लोग बराबर हैं।

उत्तर :- लोकतांत्रिक सरकार के मुख्य तत्व—

i) किसी भी आधार पर भेदभाव नहीं।

ii) आम सुविधाओं का प्रयोग करने का सबसे अधिकार।

iii) सभी लोगों को मतदान का अधिकार।

iv) सभी लोगों को अपनी भाषा, संस्कृति तथा धर्म का पालन करने तथा विकास करने का अधिकार।

v) न्याय और समानता के प्रति वचनबद्धता

Scanned with CamScanner

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :—

1. हेक्टर पीटरसन को गोली किसने मारी?
(क) सेना (ख) पुलिस (ग) चोर (घ) माया
उत्तर :— पुलिस

2. हेक्टर पीटरसन कब मारा गया?
(क) 16 जून 1976 (ख) 12 जून 1976 (ग) 10 जून 1977
उत्तर :— 16 जून 1976

3. दक्षिण अफ्रीका कब लोकतांत्रिक देश बना?
(क) 1993 (ख) 1990 (ग) 1994 (घ) 1991
उत्तर :— 1994

4. "कृष्णाराजासागर" बाँध किस नदी पर बना है?
(क) कावेरी (ख) गोदावरी (ग) तुंगभद्रा (घ) गंगा
उत्तर :— कावेरी

5. "मेट्टूर बाँध" किस नदी पर बना है?
(क) तुंगभद्रा (ख) कृष्णा (ग) कावेरी (घ) मांडवी
उत्तर :— कावेरी

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए —

(क) कर्नाटक का कृष्णाराजासागर बाँध ........ के ऊपरी छोर पर है।
(ख) तमिलनाडु का ........ बाँध कावेरी नदी के निचले छोर पर है।
(ग) नेल्सन मंडेला ........ का रहनेवाला है।
(घ) भारत में सरकार की अवधि ........ की है।
(ङ) ........ पहले रंगभेद कानून से शासित था।

उत्तर :— (क) कावेरी नदी (ख) मेट्टूर (ग) दक्षिण अफ्रीका
(घ) 5 वर्ष (ङ) दक्षिण अफ्रीका

Scanned with CamScanner

# अभ्यास — 5

(1) प्रश्न :— हरदास गाँव के लोग किन समस्याओं का सामना कर रहे थे ? उन्होंने अपनी समस्याएं सुलझाने के लिए क्या किया ?

1. उत्तर :— हरदास गाँव के लोग निम्नलिखित समस्याओं का सामना कर रहे थे —

1. गाँव में पानी की कमी की समस्या बढ़ रही थी। हैंडपंपों का पानी जमीन में बहुत नीचे चला गया था।

2. गाँव की गरीबी रेखा के नीचे आने वाले परिवारों की सूची में गड़बड़ी थी।

<u>इन समस्याओं के हल के लिए निम्नलिखित निर्णय लिए गए :—</u>

1. गाँव के एक कुएँ को साफ कराने तथा दो हैंडपंपों को गहरा कराने का निर्णय लिया गया।

2. जल संवर्धन विकास कार्यक्रम के संबंध में विकास अधिकारी से मिलकर अधिक जानकारी प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

3. गरीबी रेखा के नीचे आने वाले परिवारों की सूची में की गई गड़बड़ी को दूर करने का निर्णय लिया गया।

Scanned with CamScanner

# अभ्यास - 5

(1) प्रश्न :- हरदास गाँव के लोग किन समस्याओं का सामना कर रहे थे? उन्होंने अपनी समस्याएँ सुलझाने के लिए क्या किया?

उत्तर :- हरदास गाँव के लोग पानी की समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने अपनी समस्याओं को सुलझाने के लिए सर्व प्रथम ग्राम सभा में पंचायतों के साथ विचार - विमर्श किया। लंबे विचार - विमर्श के बाद लोगों ने सस्ता और स्थायी समाधान निकाला। तत्काल के लिए गाँव के लोग हैंडपम्प को और गहरा करने और कुओं की सफाई करने के लिए राजी हो गए। पक्की व्यवस्था के लिए पानी को संरक्षित करने और पानी के स्रोत को रिचार्ज करने पर जोर दिया गया।

(2) प्रश्न :- आपके विचार में ग्राम-सभा का क्या महत्व है? क्या आपको लगता है कि सभी लोगों को ग्राम सभा की बैठक में भाग लेना चाहिए? क्यों?

उत्तर :- ग्राम सभा का कार्य ग्राम पंचायत के कार्यों का अवलोकन करना होता है। ग्राम सभा पंचायत को मनमाने ढंग से काम करने से रोकती है। ग्राम सभा की बैठक के दौरान सभी सदस्य को ग्राम पंचायत के गलत

Scanned with CamScanner

कार्यों और पैसों के दुरुपयोग के संबंध में सवाल उठाने का अधिकार होता है। इसलिए सभी लोगों को ग्राम सभा की बैठक में भाग लेना चाहिए। इससे किसी भी योजना को सही तरीके से कार्यान्वित किया जाता है। इस तरह ग्राम सभा से चुने हुए प्रतिनिधियों पर नजर रखती है। साथ ही लोगों के प्रति जवाबदेह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

प्रश्न :- ग्राम सभा और ग्राम पंचायत के बीच में क्या फर्क है?

उत्तर :- ग्राम सभा एक पंचायत क्षेत्र में रहनेवाले सभी वयस्कों की सभा होती है। जिस व्यक्ति की उम्र 18 साल या उससे ऊपर हो और जिसका नाम उस गाँव की मतदाता सूची में हो वह ग्राम सभा का सदस्य होता है।

ग्राम पंचायत चुने हुए प्रतिनिधियों का समूह होता है। ग्राम पंचायत का सदस्य कई छोटे-छोटे गाँवों या किसी बड़े गाँव का हो सकता है। ग्राम पंचायत का कार्यकाल पाँच सालों का होता है। हर पाँच सालों पर पुनः चुनाव होता है।

Scanned with CamScanner

(5) प्रश्न : (क) :— भगवान लाड को पीटा क्यों गया था?

उत्तर :— जब भगवान लाड ने टैंकर का पानी टंकी में भरने पर जोर दिया तब लोगों ने उसे पीटा। क्योंकि उस गाँव के ऊँची जाति के लोग इसके खिलाफ थे। वे टैंकर के पानी पर दलित जाति का अधिकार नहीं मानते थे।

प्रश्न :(ख) :— क्या आपको लगता है कि यह एक भेदभाव का मामला है? क्यों?

उत्तर :— बेशक यह भेदभाव का मामला है उस मामला में ऊँची जाति के लोग सारी सुविधा का फायदा उठाना चाहते थे। वहीं दूसरी तरफ वे लोग दलित जाति को किसी भी सुविधा यहाँ तक कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रखना चाहते थे।

(3) प्रश्न :— (क) यह काम क्यों किया गया?

उत्तर :— गाँव में पंचायत ने नालियाँ बनाने का काम किया क्योंकि गाँव में गंदा पानी चारों ओर फैला रहता है जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानियाँ होती थी और गाँव में बीमारियाँ फैलने का खतरा था।

प्रश्न :(ख) पैसा कहाँ से आया?

उत्तर :— पैसा निम्नलिखित स्रोतों से आया —

1. घरों एवं बाजारों पर लगाए जानेवाले कर से मिलने वाली राशि से आया।
2. विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा चलाई गई योजनाओं की राशि जो जनपद व जिला पंचायत द्वारा आती है।
3. समुदाय के काम के लिए मिलने वाले दान से आया।

प्रश्न (ग):— काम पूरा हुआ था नहीं?
उत्तर :— यह काम पूरा हुआ।

(6) प्रश्न :— जल संरक्षण और उसके फायदे के विषय में और जानकारी इकट्ठी कीजिए।
उत्तर :— पानी की आवश्यकता अनुसार उचित उपयोग करना तथा पानी को बर्बाद होने से बचाना जल संरक्षण कहलाता है। इसके लिए वर्षा का पानी को संरक्षित किया जाता है। ताकि पानी की कमी होने पर ~~पानी~~ संरक्षित पानी का प्रयोग किया जा सके। जल संरक्षण के लिए पेड़ लगाए जाते है. नालों पर चेकडैम या छोटे-छोटे बाँध बनाए जाते है। जलाशय, बावड़ियाँ आदि बनाकर परंपरागत तरीकों को भी अपनाया जाता है ताकि वर्षा के जल को बेकार बहने से रोका जा सके और उसका संरक्षण किया जा सके।
संरक्षित जल भूमिगत जल के स्तर को बढ़ाने में सहायता करता है तथा पानी की कमी के दिनों में उपयोग में लाया जा सकता है।

Scanned with CamScanner

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :—

1. ग्राम पंचायत का प्रधान कौन होता है?
(क) सरपंच (ख) मुखिया (ग) वार्ड सदस्य
उत्तर — मुखिया

2. ग्राम पंचायत की बैठक कौन बुलाता है?
(क) मुखिया (ख) दलपति (ग) सरपंच
उत्तर — मुखिया

3. मुखिया का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?
(क) 6 (ख) 7 (ग) 5 (ङ) 4
उत्तर — 5 वर्ष

4. ग्राम कचहरी का प्रधान कौन है?
(क) मुखिया (ख) सरपंच (ग) वार्ड सदस्य
उत्तर — सरपंच

5. ग्राम पंचायत का सचिव कौन होता है?
(क) ग्रामसेवक (ख) ग्रामरक्षा दल (ग) मुखिया
उत्तर — ग्राम सेवक

6. ग्राम पंचायत के कितने अंग हैं?
(क) 4 (ख) 5 (ग) 3 (घ) 2
उत्तर — 5

7. पंचायत समिति (प्रमुख समिति) का मुख्यालय कहाँ होता है?
(क) प्रखंड में (ख) जिला में (घ) ग्राम पंचायत में
उत्तर — प्रखण्ड में

8. प्रखण्ड का प्रधान कौन होता है?
(क) B.E.O (ख) E.O (ग) B.D.O (घ) S.D.O
उत्तर — B.D.O

Scanned with CamScanner

9. ग्राम कचहरी में सरपंच और अन्य दूसरे सदस्यों का कार्यकाल क्या है?
(क) 5 वर्ष (ख) 6 वर्ष (ग) 7 वर्ष (घ) 3 वर्ष
उत्तर :— 5 वर्ष

10. "निर्मल ग्राम पुरस्कार" का संबंध किससे है?
(क) नगर-निगम (ख) ग्राम पंचायत (ग) नगर पंचायत
उत्तर:— ग्राम पंचायत

रिक्त स्थानों को पूर्ति कीजिए —
1. .............का काम स्थानीय कर लगाना और धन इकट्ठा करना।
2. ग्राम पंचायत का मुख्य उद्देश्य ............ है।
3. ग्राम सभा ........को मनमाने ढंग से काम करने से रोक सकती है।
4. ग्राम पंचायत का एक ——— होता है।
5. ग्राम पंचायत का कार्यकाल ——— होता है।
6. गाँव की मतदाता सूची ..........तैयार करता है।
उत्तर:— (1) ग्राम पंचायत (2) गाँव की उन्नति
(3) पंचायत (4) सचिव (5) 5 वर्ष
(6) बी०एल०ओ (B.L.O)

Scanned with CamScanner

अभ्यास – 6

प्रश्न (1):– पुलिस का क्या काम होता है?
उत्तर :– पुलिस का उत्तरदायित्व है कि वह अपने क्षेत्र मे हुई चोरी, दुर्घटना, मारपीट और झगड़े आदि की शिकायत लिखे तथा लोगों से घटना के विषय में पूछताछ करें, जाँच-पड़ताल करें, और मामलों पर कार्यवाही करें।

प्रश्न (2):– पटवारी के कोई दो काम बताइए।
उत्तर :– पटवारी का कार्य –
1. जमीन को नापना और जमीन का रिकॉर्ड रखना।
2. किसानों से भूमि कर (Tax) इकट्ठा करता है और सरकार को अपने क्षेत्र मे उगाने वाली फसलों के बारे मे जानकारी उपलब्ध कराता है।

प्रश्न (3):– तहसीलदार का क्या काम होता है?
उत्तर :– तहसीलदार का काम –
I. तहसीलदार जमीन से संबंधित विवादों को सुनता है।
II. तहसीलदार पटवारी के काम का निरीक्षण करता है और यह सुनिश्चित करता है कि रिकॉर्ड सही ढंग से रखे जाए।
III. तहसीलदार यह सुनिश्चित करता है कि किसान को अपने रिकॉर्ड की नकल आसानी से मिल जाए।

Scanned with CamScanner

iv. तहसीलदार विद्यार्थियों को जाति प्रमाण -पत्र आदि प्रदान करती है।

प्रश्न(4) :- "एक बिटिया की चाह" कविता में किस मुद्दे को उठाने की कोशिश की गई है? क्या आपको यह मुद्दा महत्वपूर्ण लगता है? क्यों?

उत्तर :- इस कविता में उस मुद्दे को उठाने की कोशिश की गई है कि पत्नी और बेटी को भी अपने पति तथा पिता की संपत्ति में हिस्सा मिलना चाहिए। अर्थात स्त्री को भी संपत्ति में पुरुषों के बराबर अधिकार मिलना चाहिए। यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, क्योंकि यह समानता के अधिकार से जुड़ा हुआ है। भारतीय संविधान में किसी भी आधार पर भेदभाव प्रतिबंधित किया, लेकिन यह लिंग के आधार पर भेदभाव है।

प्रश्न :- पिछले पाठ में आपने पंचायत के बारे में पढ़ा। पंचायत और पटवारी का काम एक दूसरे से कैसे जुड़ा हुआ?

उत्तर :- पंचायत गाँवों के विकास के लिए योजनाएँ बनाती है तथा उन्हें लागू करती है। पटवारी गाँवों के किसानों के खेतों की

Scanned with CamScanner

जानकारी रखता है। पंचायत गाँवों की समस्याओं को दूर करने का कार्य करती है। जो समस्याएँ किसानों और खेतों से जुड़ी हुई भी हो सकती है। इस प्रकार पंचायत और पटवारी दोनों ही एक स्तर पर रहकर काम करते हैं।

प्रश्न (8) :— किसी पुलिस थाने जाइए और पता कीजिए कि यातायात नियंत्रण अपराध रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस क्या करती है खासकर त्योहार या सार्वजनिक समारोहों के दौरान।

उत्तर :— यातायात नियंत्रण, अपराध रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अनेक प्रकार के काम करती है जैसे- पुलिस थाने में अपराधियों के फोटो के साथ रिकॉर्ड रखना, दिन-रात गश्त लगाना, इत्यादि। यातायात नियंत्रण के लिए चौराहों पर यातायात पुलिस तैनात रहती है। जगह-जगह पर यातायात पुलिस वाहनों की गाड़ी की जाँच करती रहती है। वाहन चालकों को सड़क यातायात के नियमों की जानकारी देने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाते हैं। सार्वजनिक समारोहों के अवसर पर पुलिस जवानों की संख्या बढ़ा दी जाती है। साथ ही पुलिस विशेष निगरानी भी करती है।

प्रश्न(7) :– एक जिले में सभी पुलिस थानों का मुखिया कौन होता है? पता करें।

उत्तर :– एक जिले में सभी पुलिस थानों का मुखिया उपायुक्त होता है।

प्रश्न (8) :– चर्चा कीजिए कि नए कानून के तहत महिलाओं को किस तरह फायदा होगा।

उत्तर :– नए कानून हिंदू उत्तराधिकारी अधिनियम 2005 के अनुसार बेटों, बेटियों और उनकी माँ को जमीन में बराबर का हिस्सा मिलेगा। यह कानून सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में लागू है। उस कानून से बड़ी संख्या में औरतों को फायदा होगा। पति या पिता की मृत्यु होने पर वे अपना जीवन निश्चित से जी सकेंगी।

(9)

Scanned with CamScanner

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1) प्रश्न :– जमीन को नापना और उसका रिकार्ड रखना किसका मुख्य काम होता है?
(क) पटवारी (ख) तहसीलदार (ग) ग्राम सेवक
उत्तर – पटवारी

2) प्रश्न :– गाँवों का स्थानीय शासन कौन है?
(क) ग्राम पंचायत (ख) नगर निगम (ग) नगर पंचायत
उत्तर – ग्राम पंचायत

3) प्रश्न :– गाँव की जमीन की माप-जोख की जिम्मेदारी किसकी है?
(क) B.D.O (ख) C.D.P.O (ग) हल्का कर्मचारी
उत्तर :– हल्का कर्मचारी

4) प्रश्न :– ग्राम पंचायत में शांति व्यवस्था की स्थापना का उत्तरदायी किसके उपर है?
(क) चोर (ख) पुलिस (ग) चपरासी (घ) ग्राम सेवक
उत्तर :– पुलिस

5) प्रश्न : भारत में कितने गाँव हैं?
(क) 2 लाख (ख) 4 लाख (ग) 6 लाख से अधिक
उत्तर :– 6 लाख से अधिक

6) प्रश्न :– किसानों से भूमिकर कौन इकट्ठा करता है?
(क) पटवारी (ख) तहसीलदार (ग) ग्राम सेवक
उत्तर :– पटवारी

Scanned with CamScanner

7) प्रश्न :- जिला का प्रधान कौन होता है?
(क) S.P (ख) D.M (ग) B.D.O (घ) S.D.O
उत्तर :- D.M (जिलाधिकारी)

8). थाना के प्रभारी को क्या कहते हैं?
(क) दारोगा (ख) सब इंसपेक्टर (ग) S.P
उत्तर :- दारोगा (आरक्षी - अवर निरीक्षक)

9. जिले का सर्वोच्च पुलिस अधिकारी कौन होता है?
(क) DY.S.P (ख) S.P (ग) S.D.P.O
उत्तर :- S.P (आरक्षी अधीक्षक)

10. राज्य में शांति बनाये रखने का काम कौन करता है?
(क) पुलिस विभाग (ख) न्याय विभाग (ग) राजस्व विभाग
उत्तर :- पुलिस विभाग

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-

1. भारत में सभी राज्य ........ में बँटे हुए हैं।
2. तहसीलदार के दफ्तर में ...... से जुड़े विवाद के मामले सुने जाते हैं।
3. पटवारी किसानों से ....... भी इकट्ठा करता है।
4. हर पुलिस थाने का एक ....... होता है।
5. मोहन के पास थोड़ी सी खेतिहर ...... है।

उत्तर - 1. जिलों 2. जमीन 3. लगान
4. कार्यक्षेत्र 5. जमीन

Scanned with CamScanner

VI HIS

कक्षा – 6 विषय – इतिहास

पाठ – 7



प्रश्न 1 बुद्ध ने लोगों तक अपने विचारों का प्रसार करने के लिए किन-किन बातों पर जोर दिया?

उत्तर बुद्ध ने लोगो तक अपने विचारों का प्रचार करने के लिए निम्नलिखित बातो पर जोर दिया

(1) भाषा :→ बुद्ध ने अपने विचारो को प्रचार करने के लिए साधारण भाषा पर जोर दिये जिस भाषा को सामान्य लोग आसानी से समझ सके।

(2) मदद कर :→ वे अपने विचारो को प्रचार करने के लिए कमजोर और निर्बलो की सहायता करते थे।

प्रश्न 2. सही एंव गलत वाक्य बताओ

उत्तर (क) गलत (×)

(ख) सही (✓)

(ग) गलत (×)

(घ) सही (✓)

(ङ) सही (✓)

Scanned with CamScanner

(2)

प्रश्न 3. उपनिषदों के विचारक किन प्रश्नों का उत्तर देना चाहते थे?

उत्तर:- उपनिषद का शाब्दिक अर्थ है 'गुरु के समीप बैठना' वे कठिन प्रश्नों का उत्तर ढूंढने का प्रयास कर रहे थे। उनमे से कुछ मृत्यु के बाद के जीवन के बारे में जानना चाहते थे जबकि अन्य यज्ञों की उपयोगिता के बारे में जानने के उत्सुक थे। वे मानते थे कि अंतत: आत्मा तथा ब्रह्म एक ही हैं।

प्रश्न 4. महात्मा बुद्ध की जीवनी तथा उपदेशों का वर्णन करे?

उत्तर:- महात्मा बुद्ध का जन्म नेपाल की तराई में स्थित कपिलवस्तु के लुम्बिनी नामक वन में 563 ई० पू० में हुआ था। उनके पिता का नाम शुद्धोधन तथा माता का नाम महामाया था उनके बचपन का नाम सिद्धार्थ था। वे बचपन से ही एकांत प्रिय थे खेलकूद एवं राजकार्य में उनकी रूची नही थी वे दूसरों के दुख को देखकर दुखी हो जाते थे इस भावना को देखकर उनके

Scanned with CamScanner

पिता ने छोटी अवस्था में ही उनका विवाह एक अत्यंत रूपवती कन्या यशोधरा से कर दिया। इसके थोड़े दिनो के बाद उनका एक पुत्र हुआ जिसका नाम राहुल था।

इसके बाद भी उनका मन घर पर नही लगता था एक दिन अपने पुत्र और पत्नी को सोते आवस्था में छोड़ कर ज्ञान प्राप्ती के लिए घर से निकल गये। कई वर्षों तक जंगल में इधर-उधर भटकते रहे फिर भी ज्ञान प्राप्त न हो सका वे कई वर्षो तक तपस्या की फीर भी ज्ञान न मिला जब वे गया में पीपल वृक्ष के नीचे बैठे थे तो उन्हे ज्ञान की प्राप्ती हुई ज्ञान प्राप्ती के बाद वे बुद्ध कहलाए उनके शिष्य बौद्ध कहलाए वे अपना पहला उपदेश सारनाथ में दिये फिर वे भारत में घुम-घुम कर अपने धर्म का प्रचार किये

उनके निम्नलिखित उपदेश हैं:—

(1) जीव हत्या मत करो

(2) सदा सत्य बोलो

(3) गुरु, माता-पिता एंव अपने से बड़ो का आदर करो तथा उनके आज्ञा का पालन करो

(4) दूसरों की संपत्ति पर लालच मत करो

(5) मदीरा पान मत करो

Scanned with CamScanner

(४)

प्रश्न 5 महावीर की जीवनी तथा उनके उपदेशों का वर्णन करें

उत्तर महावीर का जन्म वैशाली के निकट कुंडग्राम में 540 ई० पू० में हुआ था उनके बचपन का नाम वर्द्धमान था उनके पिता का नाम सिद्धार्थ तथा माता का नाम त्रिशला था उनका विवाह यशोदा नामक राजकुमारी से हुआ।

वे तीस वर्ष के उम्र में राजमहल की सारी सुख सुविधा त्याग कर जंगल में रहने लगे वे 12 वर्ष तक कठोर तपस्या की तब उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ ज्ञान प्राप्ती के बाद वे महावीर कहलाए 72 वर्ष की अवस्था में पावापुरी में उनकी मृत्यु हो गई
वे जो धर्म का प्रचार कीये वह जैन धर्म कहलाया

उनके निम्नलिखित उपदेश है :-

(1) जीव हत्या मत करो
(2) सदा सत्य बोलो
(3) चोरी मत करो
(4) शराब का सेवन मत करो
(5) गुरु, माता-पिता एवं बड़ों का आदर करो तथा उनके आज्ञा का पालन करो।
(6) दूसरों की संपत्ति पर लालच मत करो।

Scanned with CamScanner

VII
HIS.

# अध्याय - 8

प्रश्न 1 मौर्य साम्राज्य में विभिन्न काम धंधों में लगे हुए लोगों की सूची बनाओ।

उत्तर: मौर्य साम्राज्य में विभिन्न काम धंधों में लगे हुए लोगों की सूची निम्नलिखित है:—

(1) किसान :— जो खेती कार्य करते थे।
(2) पशुपालक :— जो लोग पशुओं को पालते थे
(3) शिल्पकार :— जो विभिन्न वस्तुओं से समान बनाते थे जैसे :- बढ़ई, सोनार बुनकर, लोहार, कुम्हार आदि
(4) व्यापारी :— ये लोग व्यापार करते थे।

(5) शिकारी :— ज्यादातर हिस्सा जंगलों से भरा हुआ था वे जंगल में रहने वाले लोग फल-फूल का संग्रह करते थे तो कुछ लोग जानवरों का शिकार करते थे।

(6) अधिकारी :— अधिकारियों की नियुक्ति राजा करते थे इनका काम कर इकट्ठा करना था।

(7) सैनिक :— सैनिक की नियुक्ति भी राजा करते थे इनका काम युद्ध करना था।

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों को भरें:—

उत्तर: (क) कर

(ख) गावर्नर

(ग) मार्गों, नदियों

(घ) नजराना (भेंट)

प्रश्न 3. बताओ की निम्नलिखित वाक्य सही हैं या गलत

उत्तर:

(क) —— गलत (X)

(ख) —— (सही) (✓)

(ग) —— (X) गलत

(घ) —— गलत (X)

(ङ) ——→ सही (✓)

Scanned with CamScanner

प्रश्न 4 उन समस्याओं की सूची बनाओ जिनका समाधान अशोक धम्म के द्वारा करना चाहता था

उत्तर: वे समस्याएं निम्नलिखित हैं जिनका समाधान अशोक धम्म द्वारा करना चाहता था

(1) सम्राज्य में अलग-अलग धर्मों के मानने वाले लोग थे और इससे कई बार टकराव पैदा हो जाता था

(2) जानवरों की बलि चढ़ाई जाती थी।

(3) दासों और नौकरों के साथ क्रूर व्यवहार किया जाता था।

(4) परीवार में और पड़ोसियों के बीच भी झगड़े होते रहते थे।

प्रश्न 5 धम्म के प्रचार के लिए अशोक ने किन साधनों का प्रयोग किया

उत्तर: धम्म के प्रचार के लिए अशोक ने निम्नलिखित साधनों का प्रयोग किया

(1) शिलाओं पर लेख खुदवाया

(2) स्तंभों पर लेख खुदवाया

(3) विदेशों में दूत भेजे

Scanned with CamScanner

प्रश्न 6,

उत्तर :- हमारे अनुसार दासों और नौकरों के साथ अपने को श्रेष्ठ साबित करने लिए बुरा व्यवहार किया जाता होगा। हमें ऐसा लगता है कि सम्राट के आदेशों से उनकी स्थिति में सुधार हुआ होगा क्यों कि अशोक एक महान सम्राट थे वे वीर और कुशल योद्धा में थे प्रजा उनको आदर करती थी तथा उनके आदेशों का पालन भी पूर्ण रूप से करती थी।

मेगास्थनीज :- मेगास्थनीज यूनानी राजा सेल्यूकस निकेटर का राजदूत था। वह कुछ समय तक भारत में रहा था उसने चन्द्रगुप्त के समय का आँखों देखा हाल अपनी पुस्तक 'इंडिका' में लिखा है।

चीन का दीवार :- आज से लगभग 2400 वर्ष पहले चीन में सम्राटों ने उत्तरी सीमा पर पशुपालक लोगों से रक्षा के लिए चीन की दीवार का निर्माण शुरू किया इसका निर्माण कार्य 2000 वर्षों तक चला यह लगभग 6400 किलोमीटर लंबी है इसकी ऊपरी सतह सड़क जैसी चौड़ी है। 100-200 मीटर की दूरी पर इस पर निगरानी के लिए बुर्ज बने हुए हैं।

Scanned with CamScanner

# पाठ - 8

प्रश्न मौर्यवंश का संस्थापक कौन था?

उत्तर मौर्य वंश का संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य था।

प्रश्न मौर्यवंश के महत्वपूर्ण शासक कौन थे?

उत्तर:- (1) चन्द्रगुप्त मौर्य
(2) बिन्दुसार
(3) अशोक

प्रश्न चाणक्य कौन था?

उत्तर:- चाणक्य एक बुद्धिमान व्यक्ति था जिसने चन्द्रगुप्त मौर्य की सहायता की। उनका विचार अर्थशास्त्र नाम की पुस्तक में मिलता है।

प्रश्न अशोक ने प्रजा की भलाई के लिए कौन-कौन से कार्य किये

उत्तर:- अशोक ने प्रजा की भलाई के लिए निम्नलिखित कार्य किये

(1) मनुष्यों एंव पशुओं के लिए चिकित्सालय खुलवाए
(2) सड़क के दोनो किनारे वृक्ष लगवाए।
(3) यात्री को पानी पीने के लिए कुएँ खुदवाए।
(4) सड़क बनवाए
(5) गरीबो की निःशुल्क चिकित्सा का प्रबंध किये

Scanned with CamScanner

प्रश्न मौर्य काल की जानकारी के स्त्रोत कौन-कौन है?

उत्तर:- (1) कौटिल्य का अर्थशास्त्र
(2) मेगास्थनीज की इंडिका
(3) अशोक के शिलालेख

प्रश्न:- मौर्य सम्राज्य के पतन के कौन-कौन से कारण है?

उत्तर:- मौर्य सम्राज्य के पतन के निम्नलिखित कारण है।

(1) अयोग्य उत्तराधिकारी:— अशोक के बाद मौर्य सम्राज्य का उत्तराधिकारी अयोग्य था।

(2) विशाल सम्राज्य:— मौर्य सम्राज्य अशोक के समय विशाल बन गया था साधारण राजा इसे संभाल कर नही रख सके।

(3) अशोक की अहिंसा नीति! → मौर्य सम्राज्य के पतन में अशोक की अहिंसा नीति भी एक मुख्य कारण था इस नीति के कारण सैनिक कुशल न रहे तथा नये शास्त्रो से दूर रहे।

(4) विदेशी आक्रमण:→ मौर्य सम्राज्य पर विदेश के देशो ने आक्रमण कर दिया जिससे मौर्य सम्राज्य का पतन हो गया।

Scanned with CamScanner

# पाठ - 9.

प्रश्न 1 खाली जगहों को भरो :-

उत्तर

(क) वेडमला

(ख) दास और मजदूर

(ग) उणवार

(घ) छोटे

प्रश्न 2 ग्राम भोजक के काम बताओ वे शक्तिशाली क्यों थे?

उत्तर ग्राम भोजक गाँव का प्रधान होता था गाँव का सबसे बड़ा भू- स्वामी होता था उसका काम कर वसुलना न्याय करना एंव पुलिस का काम भी था।

वे गाँव के सबसे बड़ा भूमी के मालीक होते थे तथा वे कर भी वसुलते थे जिससे ~~सब~~ काफि शक्ति शाली बन गये थे उनके भुमीपर दास और मजदूर काम करते थे।

Scanned with CamScanner

(3.) गाँवों तथा शहरों दोनों में रहनेवाले शिल्पकारों की सूची बनाओ।

उत्तर:- अधिकांश गाँवों में लोहार, कुम्हार, बढ़ई बुनकर जैसे शिल्पकार रहते थे
शहरों में रथ बनाने वाले, सोनार, लोहार बुनकर तथा बढ़ई रहते थे।

(4)

(क) वलयकूप का उपयोग

उत्तर जल निकास के लिए किया जाता था।

(ख) आहत सिक्के

उत्तर:- चाँदी या सोना

(ग) मथुरा महत्वपूर्ण

उत्तर धार्मिक केन्द्र

(घ) श्रेणी

उत्तर शिल्पकारों

Scanned with CamScanner

# पाठ - 10

प्रश्न 1 निम्नलिखित के उपयुक्त जोड़े बनाओ

उत्तर

| | |
|---|---|
| दक्षिणापथ के स्वामी | सातवाहन शासक |
| मुवेन्दार | चोल, चेर, पांड्य |
| अश्वघोष | बुद्धचरित |
| बोधिसत्व | महायान बौद्ध धर्म |
| श्वैन त्सांग | चीनी यात्री |

प्रश्न 2. राजा सिल्क रूट पर अपना नियंत्रण क्यों कायम करना चाहते थे?

उत्तर:- सिल्क रूट पर जिनका नियंत्रण होता था वे राजा व्यापारियों से कर वसूलते थे तथा व्यापारी उन्हे तोफा भी दिया करते थे जिससे उन्हे काफी लाभ होता था इसीसे शासक सिल्क रूट पर अपना नियंत्रण कायम करना चाहते थे / इसके बदले शासक व्यापारियों को अपने राज्य से गुजरते समय लुटेरों के आक्रमणों से सुरक्षा देते थे।

Scanned with CamScanner

प्रश्न 3. व्यापार तथा व्यापारिक रास्तों के बारे में जानने के लिए इतिहासकार किन-किन साक्ष्यों का उपयोग करते हैं?

उत्तर व्यापार तथा व्यापारिक रास्तों के बारे में जानने के लिए इतिहासकार पुरास्थलों से मिले बर्तन एवं सिक्के साक्ष्य के रूप में उपयोग करते हैं।

प्रश्न (4) भक्ति की प्रमुख विशेषताऐं थी?

उत्तर: किसी देवी या देवता के प्रति श्रद्धा को ही भक्ति कहा जाता है।

भक्ति की निम्नलिखित विशेषताऐं थी

(1) भक्ति का पथ सबके लिए खुला होता है।

(2) भक्ति से सारी बुराईयों का अंत होता है।

(3) भक्ति से भगवान का दर्शन होता है।

(4) भक्ति से मन शांत रहता है।

(5) भक्ति से सभी के प्रति प्रेम जन्म होता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न (5) चीनी तीर्थयात्री भारत क्यों आए ?
कारण बताओ ?

उत्तर:- चीनी तीर्थयात्री बौद्ध धर्म को मानने वाला था वह प्रार्थना करने के लिए पवित्र स्थानो की यात्रा करता था जिसके कारण वह भारत आया।

6. प्रश्न साधारण लोगो का भक्ति के प्रति आकर्षित होने का कौन - सा कारण होता है।

उत्तर:- साधारण लोगो का ऐसा विश्वास होता है कि भक्ति से हमे मोक्ष की प्राप्ती हो जायेगी और प्रभु दर्शन देंगे जिससे वे आकर्षित होते है।

Scanned with CamScanner